हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार 19 मई 2026

तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 31.0 डिग्री

जच्चा-बच्चा वार्ड में न जाएं पुरुषः डॉ. पांचाल 10



योग के फायदों के बारे में जानकारी दी 10



## खबर संक्षेप

### संदिग्ध हालात में युवक ने फंदा लगा दी जान

**जींद।** सफीदों पुरानी अनाज मंडी गेट के साथ बनी दुकान के कमरे में युवक ने संदिग्ध हालात में फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। सफीदों के वार्ड नंबर तीन निवासी राहुल (18) पुरानी अनाज मंडी गेट के साथ तंबाकू की दुकान पर कार्य करता था। राहुल सुबह घर से दुकान पर पहुंचा था। जो दुकान के ऊपर बने कमरे में फंदे पर लटकता मिला। घटना का उस समय पता चला जब ऊपर से नीचे नही आया। घटना की सूचना पाकर मृतक के परिजन तथा शहर थाना सफीदों पुलिस मौके पर पहुंची और हालातों का जायजा ले शव को पोस्टमार्टम के लिए सफीदों के नागरिक अस्पताल पहुंचाया।

### दुकान का ताला तोड़ 1.10 लाख की नकदी चोरी

**जींद।** जुलाना पावर हाउस के निकट बीती रात चोरों ने वैल्डिंग दुकान का ताला तोड़ कर एक लाख 10 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर जुलाना थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव करसोला निवासी अनिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने जुलाना पावर हाउस के निकट वेल्डिंग की दुकान खोली हुई।

### गांव ढाठरथ से महिला लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** ढाठरथ से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव ढाठरथ निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 15 मई रात को उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सट्टा खाईवाल करते एक दबोचा, नकदी बरामद

**जींद।** एवीटी स्टाफ ने जुलाना के वार्ड नबर आठ में एक युवक को सट्टा खाईवाल करते काबू कर उसके कब्जे से 9360 रुपये की नगदी बरामद की है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। एवीटी स्टाफ को सूचना मिली थी कि जुलाना के वार्ड नंबर आठ में मनोज कुमार सट्टा खाईवाल का कार्य कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित मनोज को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 9360 रुपये की नगदी तथा सट्टा पर्ची बरामद हुई।

### संदिग्ध हालात में दो युवतियां लापता, केस

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अलेवा निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 16 मई को उसकी बहन घर से गायब हो गई। वहीं सिंध्वीखेड़ा निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 14 मई को उसकी बेटी घर से गायब हो गई। दोनों अभिभावकों ने उन्हें तलाशा भी लेकिन उनका कोई सुराग नही लगा।

### भगौड़ा घोषित दुष्कर्म के प्रयास का आरोपित काबू

**जींद।** सफीदों सदर थाना पुलिस ने अदालत द्वारा भगौड़ा घोषित किए गए दुष्कर्म के प्रयास के आरोपित को गिरफ्तार किया है। सदर थाना सफीदों प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश ने बताया कि सिवानामाल निवासी नरेश पर जून 2023 में छेड़छाड़, दुष्कर्म के प्रयास व धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज हुआ था। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर जेल भेज दिया था। इसके बाद आरोपित बेल पर जेल से बाहर आ लेकिन समय पूरा होने के बाद वापस अदालत में पेश नहीं हुआ। कोर्ट ने 30 मार्च को भगौड़ा घोषित कर दिया था।

पारा पहुंचा 44 डिग्री, लू से बचाव को लेकर एडलवाइजरी जारी

# सूर्य ने उगली आग, 13 किमी प्रति घंटा की स्पीड से चली गर्म हवाएं

## चिकित्सकों की सलाह : तेज धूप में बच्चे व वृद्ध घरों से बाहर न निकलें

अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री की वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लगातार सूर्य देवता के आग उगलने तथा 13 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से चली हवा के गर्म थपेडों ने सोमवार को लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया है। सोमवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री व न्यूनतम तापमान 31 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 14 प्रतिशत व हवा की गति 13 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। दिनभर चली गरम हवाओं ने आमजन को बेहाल करके रख दिया। वहीं चिकित्सकों ने लोगों को सलाह दी है कि तेज धूप में घर से बाहर न निकलें और ज्यादा से ज्यादा स्वच्छ पेय पदार्थो का प्रयोग करें। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि आगामी तीन दिन दिन तक हीट वेव रहने के आसार हैं। सोमवार को दिन निकलने के साथ ही सूर्य देवता ने आग उगलनी शुरु कर दी थी। सुबह नौ बजे ही तापमान 32 डिग्री पर जा पहुंचा था। दोपहर 12 बजे तापमान 40 डिग्री पर पहुंच गया था। हवा की गति सुबह के समय दस किलोमीटर प्रति घंटा तो दोपहर को 13 किलोमीटर प्रति घंटा तक जा पहुंची। दोपहर बाद अढाई बजे तापमान 44 डिग्री पार भी पहुंच गया। हवा का मिजाज भी काफी गर्म हो गया, जिसके चलते सड़कें व बाजार सुनसान दिखाई दिए और दिनचर्या भी प्रभावित हुई।

गर्मी व लू से बचाव को लेकर प्रशासन ने एडवाइजरी जारी कर दी है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाडि़यों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है हम लू से बचे रहें। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है।



जींद। दोपहर के समय सुनसान नजर आ रहा गोहाना रोड। फोटो :हरिभूमि

### नंगे पांव बाहर न जाएं

डीसी ने आमजन से आह्वान किया कि लू से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी समाचारों को अवश्य सुनें। गर्मी में हलके रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढक कर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, भले ही प्यास न लगी हो। बच्चों को वाहनों में छोड़ कर न जाएं उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है। नंगे पांव बाहर न जाएं। खेत खलीहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। खासतौर से दोपहर 12 बजे से सायं चार बजे के बीच धूप में सीधे न जाएं। डीसी ने बताया कि जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें।



### गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें

नागरिक अस्पताल की सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि तापमान 44 डिग्री के आसपास रह रहा है। लोगों को चाहिए कि वे धूप में बाहर निकलने से बचें, विशेषकर बच्चे व बुजुर्ग। ज्यादा से ज्यादा स्वच्छ पेय पदार्थो का प्रयोग करें। सूर्य की सीधी किरणों से बचें, जरूरी होने पर बाहर निकलते समय अपने शरीर को कपडे या छाता लेकर निकलें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना खाएं।

# अब 45 पार के जवानों की नाकों पर नहीं लगेगी ड्यूटी

## एडीजीपी ने रेंज के जिलों को दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद/फतेहाबाद

फतेहाबाद के सरदूलगढ़ नाके पर ड्यूटी के दौरान एएसआई जगदीश चंद्र की भीषण गर्मी में चक्कर खाकर गिरने और मौत होने की दुखद घटना के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इस हृदयविदारक हादसे से सबक लेते हुए हिसार रेंज के एडीजीपी के.के. राव ने पुलिस कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते एक बड़ी व ऐतिहासिक एडवाइजरी जारी की है। एडीजीपी ने साफ किया है कि पुलिस परिवार के लिए ये एक अपूरणीय क्षति है और भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से बचना बेहद जरूरी है।एडीजीपी ने रेंज के सभी जिलों हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, हांसी, जींद व डबवाली के एसपी को लिखित आदेश जारी कर 45 साल से अधिक उम्र के पुलिसकर्मियों को नाकाबंदी और ट्रैफिक चौक की भारी ड्यूटी से दूर रखने के निर्देश दिए हैं। उन्हें अब थाना या चौकी स्तर पर अन्य हल्की जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। इसके साथ ही, तेज गर्मी को देखते पुलिस पर से अतिरिक्त दबाव कम करने के लिए नए नियम लागू किए गए हैं। इसके तहत किसी भी नाकेबंदी के दौरान 3 घंटे से ज्यादा समय तक नाका नहीं लगाया जाएगा। यदि कोई विशेष खुफिया सूचना या आपातकालीन घटना नहीं है, तो सुबह 11 से शाम 4 बजे तक नाके पूरी तरह हटाए जा सकते हैं। इसके अलावा चाहे कर्मचारी यातायात में हो या किसी अन्य यूनिट में, सभी को साप्ताहिक अवकाश देना सुनिश्चित करना होगा।

### फतेहाबाद में दुखद घटना



एडीजीपी ने आधिकारिक पत्र में फतेहाबाद की उस घटना का विशेष रूप से जिक्र किया है जिसने पूरे महकमे को हिलाकर रख दिया। दरअसल, बीती 12 मई को पंजाब बार्डर पर लगे सरदूलगढ़ नाके पर तैनात एएसआई जगदीश चंद्र को भीषण गर्मी के कारण अचानक चक्कर आ गया था। चक्कर खाकर गिरने से गर्दन में गंभीर चोट आई और इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। शहीद एएसआई जगदीश चंद्र मूलरूप से सिरसा जिले के गांव झोरड़रोही के निवासी थे। एडीजीपी ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए सभी पुलिस कर्मचारियों को अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखने की सलाह भी दी है।

### तीन दिन के भीतर सुविधाएं दुरुस्त करने के कड़े निर्देश

एडीजीपी ने थाना, चौकी, पुलिस लाइन और चेक पोस्टों पर 3 दिन के भीतर मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त करने के कड़े निर्देश दिए हैं। इसके तहत नाका, चेक पोस्ट और ट्रैफिक बूथों पर तैनात कर्मियों के लिए छाया, ठंडे पानी, लाइट और कूलर की व्यवस्था अनिवार्य की गई है। टॉयलेट-बाथरूम की स्थिति सुधारने तथा खराब उपकरणों को तुरंत बदलने या मरम्मत कराने को कहा है। एडीजीपी ने चेतावनी दी है कि विशेष टीम किसी भी जिले के थाना, चौकी या पुलिस लाइन का निरीक्षण करेगी। यदि खामियां पाई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते अनूप लाठर व अन्य रोडवेज कर्मचारी नेता।

# लंबे रूट की बसों का एक बूथ बनाए जाने पर बिफरे कर्मचारी

- पूर्व की भांति बसों का संचालन दोनों बूथों से करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पिछले काफी वर्षों से जनता को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाने तथा बस स्टैंड परिसर में उचित व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यालय महाप्रबंधक हरियाणा राज्य परिवहन जींद द्वारा जींद बस स्टैंड से लोकल मार्ग हांसी तथा लंबे मार्गों हिसार, फतेहाबाद, सिरसा और गंगानगर, सालासर के लिए अलग-अलग बूथ बनाए गए हैं। सोमवार को महाप्रबंधक कार्यालय द्वारा इन दोनों बूथों का एक बूथ बना कर बसों का संचालन शुरू करवा दिया। जिस कारण रोडवेज कर्मचारियों में रोष उत्पन्न हो गया और सभी यूनियनें हरियाणा रोडवेज तालमेल कमेटी के बैनर तले लामबंद हो गई हैं। जिसका विरोध करते हुए सोमवार यूनियनों ने रोडवेज महाप्रबंधक को अपना ज्ञापन दिया और शीघ्र पूर्व की भांति बसों का संचालन दोनों बूथों से करवाने बारे मांग की। अगर ऐसा नही किया गया तो मंगलवार से बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। जिसकी पूर्ण रूप से जिम्मेदारी डिपो और जिला प्रशाशन जींद की होगी। अनूप लाठर, सुरेंद्र सिंह, राजबीर मलिक सहित अन्य कर्मचारी नेताओं ने बताया कि पिछले काफी वर्षो से रोडवेज परिसर में उचित व्यवस्था बनाने के लिए तथा यात्रियों की सुविधा हेतु लोकल और लंबे मार्गों का अलग अलग बूथ बनाया गया था। जिससे सभी बसों का सुचारू रूप से संचालन हो रहा था। परंतु अब प्रशाशन द्वारा इस तरह का कदम उठाया जाना सीधा-सीधा रोडवेज बसों को नुकसान पहुंचा कर प्राइवेट बसों को फायदा पहुंचाए जाने का उद्देश्य है।

# पंद्रह किलो डोडा पोस्त सहित नशा तस्कर काबू, गाड़ी जब्त

- थेह खरक से रामथली रोड़ पर नाकाबंदी के दौरान पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

चौंकी रामथली द्वारा गुहला क्षेत्र से एक नशा तस्कर को 15 किलो 100 ग्राम डोडा पोस्त सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चौंकी रामथली प्रभारी एसआई राजबीर सिंह की टीम शाम के समय गश्त दौरान चौराहा थेह खरक–उरलाना पर मौजूद थी, जहां एक गुप्त सूचना मिली कि सुभाष नगर सुतराना पंजाब निवासी गुरप्रीत सिंह गांव थेह खरक में पंजाब से नशीला पदार्थ अफीम बेचने के लिए आता हैं। जो अभी अपनी गाड़ी होंडा सिटी पर सवार होकर पंजाब की तरफ से उरलाना के रास्ते होते हुए गांव थेह खरक की तरफ जाएगा। जिसको थेह खरक से रामथली रोड़ पर नाकाबंदी कर काबू किया जा सकता हैं। सूचना विश्वसनीय होने के कारण पुलिस टीम द्वारा मुस्तैदी का परिचय देते थेह खरक से रामथली रोड़ पर नाकाबंदी शुरू कर की गई। जहां कुछ समय बाद रामथली की तरफ से गाड़ी होंडा सिटी में सवार आए संदिग्ध सुभाष नगर सुतराना पंजाब निवासी गुरप्रीत सिंह को रुकवाकर काबू कर लिया गया। पुलिस सूचना उपरांत मौके पर पहुंची नायब तहसीलदार सीवन मीनू कौशिक के समक्ष ली तलाशी दौरान आरोपी की गाड़ी होंडा सिटी में रखे प्लास्टिक कट्टे से 15 किलो 100 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ।



बीरबागड़ा जाने वाली जर्जर सड़क, जहां गड्ढों से राहगीरों को हो रही परेशानी।

# बिजली कर्मचारियों ने उपमंडल अधिकारी के खिलाफ दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड वर्कर्स यूनियन ने उपमंडल अधिकारी गुलशन के खिलाफ धरना दिया। यूनियन का आरोप है कि उपमंडल अधिकारी गुलशन कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं, उनकी शिकायतों का समाधान नहीं कर रहे हैं और केवल कर्मचारियों को परेशान कर रहे हैं। यूनियन के अनुसार उपमंडल अधिकारी पहले भी कई बार कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही कर चुके हैं। उन्होंने मांग की कि उपमंडल अधिकारी के खिलाफ उचित कार्रवाई अमल में लाई जाए। कर्मचारियों की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाए। धरना तब तक जारी रहेगा जब तक मांगें पूरी नहीं हो जाती हैं। धरने में यूनियन के सभी यूनिट प्रधान, सचिव और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सब यूनिट प्रधान अजमेर, सब यूनिट सचिव राजीव रोहिल्ला, अजीत शर्मा, सुनील शर्मा ने भी धरने को संबोधित महासचिव यशपाल देशवाल ने कहा कि अगर उपमंडल अधिकारी कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान नहीं देते तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। यह धरना 20 मई बुधवार तक चलेगा। जिसके बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी।



जींद। धरने पर बैठे बिजली निगम कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### टूटी सड़क दे रही हादसों को निमंत्रण

**राजौंद।** राजौंद से गांव बीरबागड़ा जाने वाली सड़क इन दिनों खस्ताहाल स्थिति में पहुंच चुकी है, जिससे क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग से न केवल बीरबागड़ा बल्कि गांव बिरथे बाहरी के लोग भी रोजाना राजौंद आते-जाते हैं। सड़क कई जगह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है और गड्ढों के कारण सफर जोखिम भरा बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकतर लोगों का व्यापार व दुकानें राजौंद में ही हैं, जिससे उनका राजौंद में रोजाना आना-जाना लगा रहता है। खराब सड़क के कारण समय की बर्बादी के साथ-साथ वाहन चालकों को दुर्घटना का भी खतरा बना रहता है। लोगों ने बताया कि यह सड़क कुछ ही वर्षों में इतनी जर्जर हो गई है, जो निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े करती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस सड़क की मरम्मत करवाई जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके और आवागमन सुगम हो सके।

### ठगी का आरोपी दबोचा

**कैथल।** थाना साइबर क्राइम में टीम इंचार्ज एएसआई मनीष कुमार की टीम द्वारा ऑनलाइन ट्रेडिंग ठगी मामले में पिंजौर जिला पंचकूला निवासी विनय गुप्ता को पिंजौर से काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मॉडल टाउन कैथल निवासी सुधीर शर्मा की शिकायत अनुसार उसकी अनाज मंडी कैथल में आढ़त की दुकान है। दिसंबर 2024 में उसकी मुलाकात अजय शर्मा नामक व्यक्ति से हुई थी।

12वीं में लगभग साढ़े 15 हजार विद्यार्थी उत्तीर्ण, दाखिले के लिए रहेगी मारामारी

# यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर बढ़ी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महाविद्यालयों में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड व सीबीएसई द्वारा 12वीं कक्षा का परिणाम जारी होने के बाद यूजी कोर्स में आवेदनों की संख्या में धीरे-धीरे इजाफा हो रहा है। शहर के संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय में अलग-अगल 13 कोर्स में 181 आवेदन आ चुके हैं। जबकि राजकीय महिला कालेज में चल रहे नौ कोर्स में 116 आवेदन आए हैं। जबकि 12वीं कक्ष के परिणाम से पहले यूजी कोर्स में दाखिले के लिए विद्यार्थी कम ही रुचि दिखा रहे थे। दोनों कालेजों में परीक्षा परिणाम से पहले लगभग 100 की आवेदन आए थे। अब आवेदनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस बार दोनों बोर्ड से 12वीं कक्षा में लगभग साढ़े 15 हजार विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। जबकि जिलेभर के 17 राजकीय व निजी कालेजों के साथ-साथ चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में यूजी कोर्स में लगभग साढ़े 11 हजार सीट हैं। संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय में बीए आर्ट्स में 43, बीकाम में नौ, बीसीए में 13, बीएससी लाइफ साइंस में तीन, बीएससी फिजिकल साइंस में सात, बेचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन कैमिस्ट्री, बेचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन मैथ में एक, बेचलर आफ बिजनेस एडमनिस्ट्रेशन में चार, बीए हिस्ट्री में एक और बीए अंग्रेजी में एक आवेदन आया है। यूजी कोर्स में दाखिले के लिए सात मई से आनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके लिए कालेजों में हेल्प डेस्क भी लगाए हैं, जहां विद्यार्थियों ने आनलाइन आवेदन के दौरान दस्तावेजों के बारे में जानकारी हासिल कर रहे है।

### पसंदीदा संकाय में दाखिले के लिए आवेदन करें

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने बताया कि विद्यार्थी आवेदन करते समय सभी जानकारी ध्यान से भरें। विद्यार्थियों की मदद के लिए कालेज में हेल्प डेस्क भी लगाया गया है। 12वीं कक्षा का परिणाम जारी हो चुका है तो आवेदनों की संख्या में भी अब बढ़ोत्तरी हो चुकी है। इच्छुक विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने पसंदीदा संकाय में दाखिले के लिए आवेदन करें।

### ये रहेगा दाखिले का शेड्यूल

आवेदन 31 मई तक होंगे। विद्यार्थी आवेदन में संशोधन के लिए एक जून तक अप्लाइ कर सकते हैं। दस्तावेजों की जांच छह जून तक होगी। वहीं पहली मेरिट लिस्ट 11 जून को जारी होगी। पहली मेरिट लिस्ट में स्थान पाने वाले विद्यार्थी 12 से 15 जून तक फीस जमा करवा सकते हैं। इसके बाद दूसरी मेरिट लिस्ट 17 जून को जारी होगी। दूसरी मेरिट लिस्ट में स्थान पाने वाले विद्यार्थी 18 जून से लेकर 22 जून तक फीस जमा करवा पाएंगे। इसके बाद खाली सीटों पर फिजिकल काउंसिलंग 24 जून से शुरू होगी।

# बाइक को आग लगाने वाले आरोपित सीसीटीवी में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कस्बा सीवन के मुख्य बाजार में रविवार रात के समय अज्ञात युवकों ने पिज्जा सेंटर के बाहर एक बाइक में आग लगा दी। जैसे ही बाइक आग की लपटों में आने ली तो समय रहते ही पिज्जा सेंटर के स्टाफ ने पानी से आग बुझाई।

पिज्जा सेंटर के संचालक रोहित कुमा रने बताया कि वह सीवन की पीपल वाली मार्केट के पास ही एक पिज्जा सेंटर चलाता है। रात आठ बजकर 30 मिनट पर दो युवक सेंटर के बाहर बनी सीढ़ियों पर बैठ गए। एक युवक पहले बाइक पर बैठ गया। इसके बाद करीब पौने 9 बजे दूसरे युवक ने बाइक की पेट्रोल की पाइप हटाकर आग लगा दी। रोहित ने बताया कि अभी तक इस घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी है। बाजार में हुई इस घटना के बाद व्यापारियों और स्थानीय लोगों में रोष है। लोगों ने बाजार क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। वहीं, सीवन थाना के कार्यकारी एसएचओ जयभगवान ने बताया कि अभी तक इस मामले में पुलिस के पास कोई शिकायत नहीं आई है। शिकायत के अनुसार ही आगामी आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### 31 मई तक होंगे कॉलेजों में अंडर ग्रेजुएट दाखिले

**नरवाना।** उच्चत्तर शिक्षा विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार सभी राजकीय व अराजकीय महाविद्यालयों मेंसात मई से 31 मई तक अंडर ग्रेजुएट कोर्सेज के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। सीबीएसई बोर्ड व हरियाणा बोर्ड के सीनियर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम आने के बाद आवेदन करने वाले छात्रों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में अब तक 138 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। महाविद्यालय में निशुल्क फार्म भरवाने वाले छात्रों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है।

### अमरहेड़ी स्कूल के 19 विद्यार्थी सम्मानित

**जींद।** राजकीय उच्च विद्यालय अमरहेड़ी में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी 10वीं कक्षा का शानदार परिणाम लाने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। इसमें प्रधानाचार्य ने 487 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली निशा, 483 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पाने वाली पायल, 466 अंकों के साथ तृतीय स्थान पाने वाली अनु और कुल 19 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। एसएमसी मेंबर व अभिभावकों का विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य डा. सुरेन्द्र गौड व समस्त स्टाफ सदस्यों द्वारा किया गया।

### अश्लील वीडियो वायरल करने मामला दर्ज

**जींद।** युवती के अश्लील वीडियो फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने युवक के खिलाफ आईटी एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना नरवाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चौपड़ा पत्ति निवासी ने उसकी बेटी की अश्लील वीडियो व फोटो बना ली। जब उसकी बेटी ने आरोपित की बात मामने से इंकार कर दिया तो गत 24 अप्रैल को आरोपित ने अश्लील फोटो तथा वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

### नरवाना समाधान शिविर में आई पांच शिकायतें

**नरवाना।** एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर सोमवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें पांच शिकायतें आई। जिनका मौके पर ही निदान कर दिया गया। एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि सभी शिकायतों के उचित त्वरित समाधान के लिए मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अलग-अलग दफ्तरों में चक्कर लगाने की बजाय सभी विभागों के अधिकारी एक ही छत के नीचे और एक ही निश्चित समय अवधि में उपलब्ध हो रहे हैं।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान चलेगा

**जींद।** सफीदों एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा के निर्देशानुसार मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे तथा अपात्र व्यक्तियों के नाम सूची में दर्ज न हों। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा एवं निर्वाचक पंजीयन अधिकारी ने बताया कि इस अभियान के लिए क्वालीफाइंग तिथि एक जुलाई 2026 को निर्धारित की गई है।

### रोडवेज बचाओ, अधिकार बचाओ कन्वेंशन कल

**जींद।** सार्वजनिक परिवहन के अस्तित्व को बचाने और कर्मचारियों के दम घोटते अधिकारों की रक्षा के लिए हरियाणा रोडवेज के कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। आगामी 20 मई को रोहतक के बलदेव सिंह घनघस भवन में सुबह 10 बजे राज्य स्तरीय रोडवेज बचाओ, अधिकार बचाओ कन्वेंशन का आयोजन किया जा रहा है। रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ के राज्य कार्यकारी महासचिव संदीप ने बताया कि सरकार किमी स्कीम और अन्य माध्यमों से चुपके-चुपके हरियाणा रोडवेज का निजीकरण करना चाहती है।

---

### डिप्टी सीएमओ ने वार्ड का दौरा कर पुरुषों को महिला वार्ड में बैठा पाया

# जच्चा-बच्चा वार्ड में न जाएं पुरुष: डॉ. पांचाल

**नागरिक अस्पताल में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही**

प्रसव के बाद शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर होने पर सम्मान और गोपनीयता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक

मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े वार्डों में पुरुषों की अनावश्यक आवाजाही पर विभाग सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े वार्डों में पुरुषों की अनावश्यक आवाजाही को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सख्ती बरतने का फैसला किया है। नागरिक अस्पताल के डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने स्वयं वार्ड का दौरा किया और इस समस्या को गंभीर बताते आमजन से सहयोग की अपील की है। प्रसव के बाद महिलाएं शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर होती हैं। ऐसे में उनका सम्मान और गोपनीयता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। नागरिक अस्पताल में डिलीवरी के बाद जच्चा व बच्चा के आराम व उपचार को लेकर पुरानी बिल्डिंग तथा नई बिल्डिंग में स्पेशल वार्ड बनाया गया है। कई बार पुरुष जानकारी लेने के नाम पर


महिला वार्ड में बैठे पुरुषों को बाहर भेजते डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल।

अंदर चले जाते हैं, जिससे माहौल असहज हो जाता है। पुरानी बिल्डिंग स्थित एसएनसीयू (सिकल न्यूबॉर्न केयर यूनिट) के सामने स्थित मातृत्व वार्ड में लगातार पुरुषों की भीड़ देखी जा रही है। कई बार सुरक्षा कर्मी उन्हें समझाने का प्रयास करते हैं लेकिन कुछ लोग बार-बार अंदर घुसते रहते हैं। कुछ लोग तो बेड पर भी बैठे रहते हैं। वार्ड में तैनात सिक्योरटी कर्मी जब इन लोगों को समझाने का प्रयास करते हैं तो वो झगड़े पर उतारू हो जाते हैं। डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने जब वार्ड का दौरा किया तो वहां कई पुरुष नजर आए। जिस पर सभी से अनुरोध किया कि वार्ड महिलाओं के लिए है। यहां पुरूषों का कोई काम नही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब कोई मां अपने नवजात शिशु को स्तनपान करा रही होती है, उस समय पुरुष का वहां मौजूद होना मां के लिए बेहद असहज और शर्मिंदगी का कारण बन जाता है। डिलीवरी रूम, गायनी वार्ड और जच्चा-बच्चा वार्ड संवेदनशील क्षेत्र हैं। जहां तक संभव हो, पुरुषों को इन वार्डों में न जाने की अपील की जाती है। केवल जरूरी स्थिति में ही अंदर जाएं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बार-बार जागरूकता फैलाने के बावजूद कुछ लोग नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। इससे न केवल माताओं की गोपनीयता प्रभावित हो रही है बल्कि चिकित्सकीय कार्य भी बाधित हो रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के प्रति सहयोग की अपील करते कहा कि नागरिक अस्पताल में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। एसएनसीयू, डिलीवरी रूम और मातृत्व वार्ड को आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया गया है ताकि जच्चा-बच्चा दोनों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। अस्पताल प्रशासन ने समस्या पर लगातार नजर रखने और जागरूकता अभियान चलाने का फैसला किया है। अस्पताल के गेट पर नोटिस बोर्ड लगाए जा रहे हैं और सुरक्षा कर्मियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। यदि सभी नागरिक सहयोग करें तो अस्पताल का माहौल और बेहतर बन सकता है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि महिलाओं की सुविधा और सम्मान सर्वोपरि है।

#### महिलाओं के वार्ड में पुरुष न जाएं



नागरिक अस्पताल के डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने कहा कि लोगों को यह बताया है कि जो अंदर एसएनसीयू के सामने मातृत्व के लिए वार्ड बनाया गया है, वहां आमदी अंदर घुसे रहते हैं। कई बार सिक्योरटी वाले भी इन्हें समझाने का प्रयास करते हैं। उन्होंने लोगों को यही कहा है कि बहु व बेटियां सबकी बराबर हैं। कुछ लोग अंदर बैड पर भी बैठे रहते हैं। कोई मां अपने बच्चे को दूध पिला रही होती है तो ऐस में पुरूष का अंदर होने पर मां अपने आपको असहज मजसूस करते हैं। इसलिए उन लोगों से अनुरोध किया गया है कि जहां गायनी वार्ड है, जब तक संभव न हो तो पुरूष न जाएं। डिलीवरी रूम है, एनसएनसीयू के सामने जच्चा व बच्चा वार्ड है वहां न जाएं। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि वहां माहौल अच्छा रहे। महिलाओं के वार्ड में पुरूष न जाएं।

---


जींद। किशोर नाइट में अतिथियों के साथ उपस्थित गायक कलाकार।

## सुरों की महफिल में झूमे शहरवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जेसीआई एलुमनी क्लब जींद रीजन द्वारा महान गायक किशोर कुमार की याद में पहली बार भव्य संगीतमय कार्यक्रम किशोर नाइट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डा. राजेंद्र बिढ़ान तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजकों मुकेश सिंगला, सचिन बड़ाला और जितेंद्रपाल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य महान गायक किशोर कुमार के सदाबहार गीतों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना और शहरवासियों को सांस्कृतिक मंच प्रदान करना था। इस अवसर पर डा. राजेंद्र बिढ़ान ने संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। वहीं डा. राजकुमार गोयल ने कहा कि संगीत लोगों को जोडन्ने का सबसे सशक्त माध्यम है और इस प्रकार के आयोजन सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन कीरा गौतमख प्रदीप शर्मा और प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से किया। वहीं गायक कलाकार राजीव सैनी, विनय अरोड़ा, सोनिया रानी, ललिता रोहिल्ला, मनोज जाखड़, दिव्या, मनोज भारद्वाज, गगन और नीरज कुमार ने किशोर कुमार के लोकप्रिय गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान दर्शकों ने तालियों की गडग़ड़ाहट के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। इस किशोर नाइट को सफल बनाने में जेसीआई एलुमनी क्लब जींद रीजन की गोल्ड टीम के सदस्य प्रदीप शर्मा, प्रमोद कुमार, प्रवीण सैनी, चंद्रभान बंसल, जितेंद्र पाल, प्रवीन गौतम, अजय गर्ग, हितेश चुघ, रोहित जिंदल, आयुष बंसल, मुकेश सिंगला, राहुल सिंगला और रजनीश गर्ग सहित अन्य सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई।

---

## नृत्य प्रतियोगिता में आधारशिला स्कूल की गुंजन ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सृष्टि फांउडेशन के तत्वावधान में नटराजन उत्सव नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हिन्दू कन्या महाविद्यालय में आयोजित किया गया। इसमें जींद जिले के काफी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए लगभग सभी स्थानों को कब्जाया। इनमें गुंजन ने प्रथम, दीक्षु ने द्वितीय, लावन्या ने तृतीय व वही दूसरे वर्ग में परी ने द्वितीय, भूमि व नंदिता ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सभी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय गौरवान्वित महसूस कर रहा है। सभी विद्यार्थियों को प्रार्थना सभा में सम्मानित किया गया। इस पर प्रधानाचार्य सतवीर सिंह गहलावत ने बताया कि आधारशिला ही रिजल्ट की पाठशाला है। हमारे बच्चें शिक्षा के अलावा हर क्षेत्र में नाम कमा रहे हैं। उन्होंने सभी बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


जींद। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## योग के फायदों के बारे में जानकारी दी

**गांव गतौली के सरकारी स्कूल में हुआ कामन योग प्रोटोकाल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आयुष महानिदेशक के आदेश के अनुसार आयुष विभाग जिला जींद द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला के मार्गदर्शन में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की तैयारियों के सिलसिले में आयुष विभाग जींद द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गतौली में कॉमन योग प्रोटोकाल का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जुलाना के खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र बांगड़ ने शिरकत की व आयुष विभाग व विद्यालय के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। पीटीआई अनूप द्वारा सभी को योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण का अभ्यास बलराज आयुष योग सहायक द्वारा और प्रदर्शन पूजा व संजीत द्वारा बहुत ही सहज तरीके से करवाया गया। सबसे पहले खड़े होकर करने वाले आसन वृक्षासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन और फिर बैठकर करने वाले आसन भद्रासन, उष्ट्रासन, दंडासन इसके बाद लेटकर करने वाले आसन भुजंगासन, सेतुबंधासन, पवन मुक्तासन आदि का अभ्यास करवाया गया और में प्राणायाम करवाया और अभ्यास के अंत में संकल्प करवाया गया। योगाभ्यास पूर्ण होने पर जुलाना ब्लाक की नोडल अधिकारी डा. कुसुम ने सभी के आने का धन्यवाद किया व योगा के फायदों के बारे में जानकारी दी और विभिन्न बीमारियों में किए जाने वाले आसन के फायदे के बारे में भी बताया।


जींद। गतौली के सरकारी स्कूल में काम योग प्रोटोकाल में भाग लेते हुए।

---

### लड़कियों को अच्छी शिक्षा देकर आत्मनिर्भर बनाएं

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के गांव करसोला स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक एजुकेटर महेंद्र सिंह ने की। इस मौके पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियानए वैक्सीनेशन तथा स्वास्थ्य जागरूकता पर चर्चा की गई। ब्लॉक एजुकेटर महेंद्र सिंह ने कहा कि बेटियां समाज की शक्ति हैं और उन्हें सुरक्षित, शिक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान प्रदान करना हैए ताकि वे समाज में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। कहा कि बच्चों, विशेषकर लड़कियों को अच्छी शिक्षा देकर आत्मनिर्भर बनाना चाहिए। साथ ही समाज में फैली कुरीतियों, भेदभाव और भ्रूण हत्या जैसी बुराइयों के खिलाफ मिलकर आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने एचपीवी वैक्सीनेशन को भी बालिकाओं के स्वास्थ्य के लिए बेहद आवश्यक बताया और सभी को इसके प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।


जुलाना। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को संबोधित करते स्वास्थ्य कर्मी।


जींद। सत्संग में भाग लेते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### विश्व कल्याण के लिए अखंड जाप में डली पूर्णाहुति

**जींद।** कला धाम में सर्व सुख शांति व विश्व कल्याण हेतु के लिए चल रहे 11 दिवसीय मौन, ध्यान एवं अखंड जाप आध्यात्मिक शिविर की पूर्ण आहुति के पावन अवसर पर 222वां दिव्य आनंद अनुभूति सत्संग व प्रवचन समारोह एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। ऋषि सुखदेव महाराज ने कहा कि आध्यात्म में मौन, ध्यान और प्रभु नाम सिमरन ऐसी धाराओं का संगम है। जो मुक्ति के मार्ग से होते परम सत्य ज्ञान के अथाह सागर से मिलन करवाता है। जिससे प्रभु प्रेम एवं वास्तविक परम आनंद की प्राप्ति होती हैं। ऋषि सुखदेव महाराज ने कहा कि तुम सिर्फ तुम होए कोई भी तुम्हारे जैसा नहीं। और तुम्हें भी किसी और जैसा बनने की जरूरत नहीं। जिस प्रकार बगिया के अंदर अलग-अलग पुष्पों में अलग अलग रंग और खुशबू विद्यमान हैए उसी प्रकार इस जगत में हर एक मनुष्यए प्रभु भगवान की विशेष रचना एवं हर एक मनुष्य अतुलनीय है। जब एक इंसान दूसरे इंसान से अपनी तुलना करता है तो उसके अंदर ईर्ष्या व द्वेष का आना निश्चित है। अगर तुम्हें दूसरे व्यक्ति के पास अधिक महसूस होगा कि उसके पास तो अधिक धन दौलत जमीन जायदाद या ज्यादा सुंदर शरीर है तो तुम्हें अपने आप से ही घृणा व नफरत हो जाएगी।

## पंजाब विस चुनाव में भाजपा की बनेगी सरकार : कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सहकारी श्रम एवं निर्माण प्रसंग के पूर्व अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने कहा कि आने वाले पंजाब के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार स्पष्ट बहुमत से बनेगी। आप की सरकार भगवत मान से पंजाब का किसान मजदूर, गरीब आदमी हताश व परेशान है। पंजाब में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। किसानों को किसी भी प्रकार की कोई सुविधा नहीं मिल रही है। पंजाब के लोग आने वाले समय में भाजपा की सरकार बनाने का मन बना चुके हैं। हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केंद्रीय भाजपा ने जो पंजाब की जिम्मेदारी सौंपी है, वह लगातार पंजाब में लोगों के बीच में रह कर मीटिंग करके जिसमें लोगों की भारी भीड़ जमा होती है। पार्टी के अंदर लोगों को शामिल करवा रहे हैं। क्योंकि प्रदेश में कांग्रेस का भी लंबे समय से राज रहा है। कांग्रेस से लोग ऊब चुके हैं। वहां पर किसी भी दल का कोई जनाधार नहीं रहा है। आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से खत्म हो जाएगी और प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर पर सभी प्रदेशों में भाजपा की सरकार बनती जा रही है। जिस प्रकार से हरियाणा प्रदेश में निकाय चुनाव में कांग्रेस का सुपड़ा साफ हो गया। इसलिए हरियाणा में भी क्षेत्रीय दल व कांग्रेस पूरी तरह से साफ हो चुके हैं। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चारों ओर प्रशंसा हो रही है। कंडेला ने इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते कहा कि यह लोकसभा चुनाव में लुट मचाने के लिए इकट्ठे होते हैं। जिसको पूरी तरह से जनता ने पहचान लिया है। इस प्रकार से पंजाब में भारतीय जनता पार्टी की जीत निश्चित है।



---

**उपायुक्त ने आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश**

## समाधान शिविर का लाभ उठाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लघु सचिवालय के सभागार में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने आमजन की समस्याएं और शिकायतें से सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शिविर के दौरान कुल 44 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें बिजली, सिंचाई, गली मरम्मत, सीवर, पेयजल, पेंशन, शिक्षा तथा पुलिस विभाग से संबंधित मामले शामिल रहे। उपायुक्त ने सभी शिकायतों पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक मामले का नियमानुसार, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से निपटान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बिजली, सीवर और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य किया जाए। प्रशासन का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समाधान समय पर उपलब्ध करवाना है ताकि लोगों को बार.बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। शिविर में गांव करसिंधु निवासी रिंकू ने निजी स्कूलों द्वारा आरटीई के तहत सूची में नाम आने के बावजूद बच्चे को प्रवेश न दिए जाने संबंधी शिकायत रखी। वहीं चाबरी कॉलोनी के निवासियों ने सीवर व्यवस्था और गली मरम्मत से जुड़ी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया। इसी प्रकार जिलेसिंह ने गांव पाजू कलां स्थित अपने खेतों में ट्यूबवेल कनेक्शन न मिलने से फसलों को हो रहे नुकसान की प्रार्थना पत्र के माध्यम से जानकारी दी।


जींद। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते डीसी। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

उपायुक्त ने सभी मामलों पर संज्ञान लेते संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उपायुक्त ने आमजन से अपील करते कहा कि प्रशासन द्वारा लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से सप्ताह मे दो बार प्रत्येक सोमवार और वीरवार को जिला और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। नागरिक इन शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याएं और शिकायतें सीधे प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं। इस अवसर पर एडीसी प्रदीप कुमार, एसडीएम सत्यवान मान, आरटीए गिरीश, डीआरओ राजकुमार, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, डीएफओ पवन ग्रोवर, जीएम रोडवेज राहुल जैन सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित।

## स्वास्थ्य के लिए जागरुकता सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने गर्मी एवं लू के प्रकोप को देखते हुए नागरिकों से अपील की है कि वे विशेष सावधानी बरतें और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि बढ़ता तापमान में स्वास्थ्य के लिए जागरूकता और सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें और खुद को लू के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रखें। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और पहले से बीमार व्यक्तियों के प्रति अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी। क्योंकि ये वर्ग गर्मी के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। उन्होंने कहा कि प्यास न लगने पर भी नियमित रूप से पानी पीते रहें और हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें। दोपहर के समय बाहर जाना जरूरी होए तो सिर को छातेए टोपी या गमछे से ढक कर निकलें और अपने साथ पानी की बोतल अवश्य रखें। खान-पान में तली व भुनी और बासी चीजों से परहेज करें। जबकि छाछ, नींबू पानी और ओआरएस का सेवन लाभकारी है। इसके अलावा पशुओं का भी ध्यान रखें। उन्हें समय समय पर पानी पिलाएं और नहलाएं।

## प्रतिभागियों को योग की विधियां और जीवन में महत्व के बारे में जागरूक किया

# विश्व योग दिवस की तैयारियों को लेकर पीटीआई व डीपीआई को दिया प्रशिक्षण


पूंडरी। योग करते हुए योगार्थी। फोटो : हरिभूमि

■ सभी प्रतिभागियों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

आगामी अंतराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, खेल विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूंडरी में योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन पीटीआई एवं डीपीआई को अंतराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल की विशेष ट्रेनिंग दी गई।

शिविर का संचालन ब्लॉक नोडल अधिकारी डॉ. किरणदीप द्वारा किया गया। आयुष विभाग से योग सहायक विवेक कुमार, सर्जन सिंह, संदीप चहल, नरेश धौंस, मंजीत, सुमन, पूनम सांच एवं बेबी ने प्रतिभागियों को योग अभ्यास और योग प्रोटोकॉल की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान सर्जन सिंह ने मंच संचालन किया, जबकि संदीप चहल ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का लाइव डेमोंस्ट्रेशन प्रस्तुत किया। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को योग की सही विधियों तथा दैनिक जीवन में योग के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर आयुष विभाग से डॉ. ममता कश्यप, डॉ. सौरव वत्स, फार्मासिस्ट खुशीराम, जीवन एवं अंकुश, खेल विभाग से कर्मवीर कोच तथा शिक्षा विभाग से नरेश बनवाला सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रशिक्षण शिविर में सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## पूंडरी: 50 प्रतिभागियों ने योगाभ्यास किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन और आयुष विभाग द्वारा जिले के सातों खंडों में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. शकुंतला दहिया के निर्देशन में आयोजित इन शिविरों में सरकारी एवं निजी स्कूलों के पीटीआई और डीपीई को योग संबंधी विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला स्तर पर आयोजित इन प्रशिक्षण शिविरों में योग विशेषज्ञों और आयुष योग सहायकों ने प्रतिभागियों को योग प्रोटोकॉल, आसनों और प्राणायाम की विधियों का अभ्यास करवाया। कैथल खंड में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जखौली अड्डा के सभागार में आयोजित शिविर में 110 पीटीआई एवं डीपीई ने भाग लिया। यहां संजू आर्या, संदीप सिंह, नरेश कुमार और सीमा कुमारी ने योग प्रशिक्षण दिया। कलायत खंड के राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला में आयोजित शिविर में 48 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जबकि राजौंद खंड के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 27 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। पूंडरी खंड में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में 50 प्रतिभागियों ने योगाभ्यास किया। यहां 'आर्ट ऑफ लिविंग' के प्रशिक्षक दीपक सेठ एवं कंचन सेठ के साथ आयुष विभाग के योग सहायकों ने प्रशिक्षण दिया। ढांड और सीवन खंडों में क्रमशः 24 और 60 पीटीआई एवं डीपीई ने योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण प्राप्त किया। वहीं गुहला खंड में भारतीय योग संस्थान और पतंजलि योग समिति के सहयोग से 30 प्रतिभागियों के लिए शिविर आयोजित किया गया। डॉ. शकुंतला दहिया ने बताया कि 18 से 20 मई तक आयोजित हो रहे इन प्रशिक्षण शिविरों के बाद 21 से 23 मई तक प्रशिक्षित पीटीआई, डीपीई और आयुष योग सहायक विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों को योग प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए जिलेभर में व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर शिक्षा विभाग, आयुष विभाग, पतंजलि योग समिति, आर्ट ऑफ लिविंग और भारतीय योग संस्थान के प्रतिनिधियों ने भी सहयोग दिया। विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों पर डॉ. राजेंद्र कुमार, डॉ. सुनीता, डॉ. सुनील अरोड़ा, डॉ. प्रमोद कुमार और डॉ. मिनी राठी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर सीवन में प्रशिक्षण शिविर लगाया

**सीवन।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में महानिदेशक आयुष हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन में पीटीआई व डीपीआई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर में डॉ. संदीप मेहता, आयुष फार्मासिस्ट नेहा, सुखपाल तथा आयुष योग सहायक सत्यवान ने योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया। योग सहायक सत्यवान ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान क्रियाओं का अभ्यास करवाते हुए योग के लाभों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ और मन शांत रहता है। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी विक्रम भी मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दौरान पीटीआई, डीपीआई तथा योग साधकों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने का संकल्प लिया।




सीवन। पीएचसी क्योड़क में कार्यक्रम के दौरान शपथ लेते डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मचारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## बेटियों को समान अवसर देना समाज की जिम्मेदारी : डॉ. गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीवन के एसएमओ डॉ. बलविंद्र गर्ग के दिशा-निर्देशन में पीएचसी क्योड़क में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सुनील की अध्यक्षता में महिलाओं को बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और समान अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को बताया गया कि बेटियां परिवार और समाज की मजबूत नींव हैं तथा उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के समान अवसर मिलने चाहिए। साथ ही भ्रूण हत्या जैसे सामाजिक अपराध के दुष्परिणामों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ. बलविंद्र गर्ग ने कहा कि बेटियों का सम्मान और उनकी शिक्षा ही समाज को नई दिशा देने का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज जरूरत इस बात की है कि समाज बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच अपनाए और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं गांव की महिलाओं ने भाग लिया। उपस्थित लोगों को बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

## मंडवाल में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' के तहत जागरूकता कार्यक्रम

**राजौंद।** उपस्वास्थ्य केंद्र मण्डवाल में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कार्यकर्ता पंकज और अनिता ने आमजन, महिलाओं एवं युवाओं को कन्या भ्रूण हत्या रोकने और बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया।उन्होंने कहा कि बेटियां बोझ नहीं बल्कि देश का भविष्य हैं, लेकिन समाज में आज भी कन्या भ्रूण हत्या जैसे गंभीर और गैरकानूनी अपराध हो रहे हैं, जिससे लिंगानुपात बिगड़ रहा है। उन्होंने पीएनडीटी एक्ट की जानकारी देते हुए बताया कि गर्भ में पल रहे शिशु का लिंग जांच करवाना और करना कानूनन अपराध है। इसमें दोषी पाए जाने पर पहली बार तीन साल की सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त हो तो इसकी सूचना तुरंत स्वास्थ्य विभाग को दें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा तथा सही सूचना पर एक लाख रुपये का इनाम भी दिया जाएगा। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी मोइन खान ने बढ़ती बीमारियों जैसे उच्च रक्तचाप और मधुमेह के प्रति भी जागरूक किया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा गांव-गांव में स्क्रीनिंग कैंप लगाकर इन बीमारियों की जांच व उपचार मुफ्त किया जा रहा है, इसलिए समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाना जरूरी है।कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने गांव मण्डवाल में रैली निकालकर 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' का संदेश दिया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, स्कूल स्टाफ तथा आशा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।



राजौंद। मण्डवाल गांव में जागरूकता रैली निकालते स्कूली बच्चे व कार्यक्रम में मौजूद स्वास्थ्य विभाग की टीम। फोटो : हरिभूमि

## वृंदावन गार्डन कैथल में मनाई जाएगी महर्षि कश्यप जयंती: रामकुमार

मील का पत्थर साबित होगी संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि 24 मई को कुरुक्षेत्र रोड पर स्थित वृंदावन गार्डन में महर्षि कश्यप जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। महर्षि कश्यप ने पूरे समाज को नई राह दिखाई थी। महापुरुषों के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए हरियाणा सरकार ने संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना चलाई जा रही है। जो इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। कैथल में आयोजित होने वाले महर्षि कश्यप जयंती समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इसमें भारी संख्या में समाज के लोग भाग लेंगे।



जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर समाज के पदाधिकारियों के साथ बैठक में विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि हरियाणा सरकार सभी वर्गों के हितों के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में संत महापुरुषों की जयंतियां सरकारी तौर पर मनाई जाती हैं।

## मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में चमके ध्रुव स्कूल के खिलाड़ी, ऑल ओवर ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

25वीं जिला स्तरीय वुशु प्रतियोगिता का आयोजन 16 मई 2026 को सेक्टर-19 स्थित कम्यूनिटी हॉल कैथल में किया गया। प्रतियोगिता में ध्रुव पब्लिक स्कूल फतेहपुर के 37 खिलाड़ियों ने सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग की विभिन्न भार श्रेणियों में भाग लेते हुए शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने 20 गोल्ड, 11 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया तथा ऑल ओवर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

सब जूनियर वर्ग में 22 किलोग्राम भार वर्ग में उदित प्रथम, 24 किलोग्राम में विजयंत द्वितीय, 26 किलोग्राम में अर्नव प्रथम, 28 किलोग्राम में देवास प्रथम व अर्नव द्वितीय रहे। 30 किलोग्राम वर्ग में नित्यम प्रथम, तक्ष द्वितीय और तुषार तृतीय स्थान पर रहे। 32 किलोग्राम वर्ग में अर्जुन प्रथम, यहांन द्वितीय और तुषार तृतीय स्थान पर रहे। 34 किलोग्राम वर्ग में गोरीस प्रथम व हर्षित तृतीय रहे। 36 किलोग्राम वर्ग में ध्रुव प्रथम, जस्टिन द्वितीय तथा रौनक और समर्थ तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा 39 किलोग्राम वर्ग में समर प्रथम, 42 किलोग्राम में संयम द्वितीय, 48 किलोग्राम में दक्ष द्वितीय, 52 किलोग्राम में रुद्र प्रताप प्रथम व समरदीप द्वितीय तथा 56 किलोग्राम में तनिष द्वितीय स्थान पर रहे।




## कोहिनूर इंटरनेशनल अकादमी में नन्हे विद्यार्थियों ने उत्साह से मनाया ब्लू-डे

**गुहला-चीका।** टटियाणा स्थित कोहिनूर इंटरनेशनल अकादमी में नर्सरी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए 'ब्लू डे' गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को नीले रंग की पहचान करवाना और उन्हें खेल-खेल में सीखने के लिए प्रेरित करना था। यह गतिविधि 'लर्निंग बाय डूइंग' थीम के अंतर्गत आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को नीले रंग से जुड़ी विभिन्न वस्तुओं और समुद्री जीवों की जानकारी दी गई। बच्चों को फिश, डॉल्फिन, दरियाई घोड़ा, स्टार फिश, बादल और बारिश की बूंदों के माध्यम से नीले रंग की पहचान करवाई गई। बच्चे अपने साथ गुब्बारे, छतरी, खिलौने, फूल और पानी की बोतल जैसी नीले रंग की वस्तुएं लेकर पहुंचे। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी नीले रंग के परिधानों और आकर्षक नीली टोपियों में बेहद उत्साहित नजर आए।

## आंगनबाड़ी वर्कर्स की आवाज को प्रदेश स्तर पर उठाऊंगी : ज्ञानो देवी

**सीवन।** ब्लॉक सीवन की आंगनबाड़ी वर्कर्स ज्ञानो देवी को हरियाणा बाल विकास एवं आंगनबाड़ी वूमेन वर्कर्स यूनियन का प्रदेश उपाध्यक्ष चुना गया है। भारतीय मजदूर संघ से संबंधित यूनियन का तीसरा प्रदेश अधिवेशन रेवाड़ी में आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेशभर से आंगनबाड़ी वर्करों और पदाधिकारियों ने भाग लिया। सीवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में ज्ञानो देवी ने बताया कि अधिवेशन के दौरान नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो विश्वास उन पर जताया है, वह उसे पूरी मेहनत और ईमानदारी से निभाएंगी। ज्ञानो देवी ने कहा कि आंगनबाड़ी वर्कर महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण के लिए लगातार कार्य कर रही हैं।





## गोष्ठी का विषय बदलते वैश्विक परिदृश्य में स्वदेशी का महत्व रखा

**कैथल।** कैथल जिला के प्रतिष्ठित शोध संस्थान पंचनद की मासिक बैठक स्वामी विवेकानंद जिला पुस्तकालय में आयोजित की गई। इस बैठक में गत दिनों में महिला आयोग, हिसार में संपन्न प्रांत स्तरीय कार्यक्रम में हुए विचार-विमर्श एवं कार्यप्रणाली पर सदस्यों के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इसके अलावा इस महीने होने वाली गोष्ठी के विषय पर भी विस्तृत चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अगली गोष्ठी 21 मई, को आयोजित की जाएगी। गोष्ठी का विषय /"बदलते वैश्विक परिदृश्य में स्वदेशी का महत्व " रखा गया एवं प्रस्तोता के रूप में स्वदेशी जागरण मंच के प्रचारक श्री ताराचंद जी को आमंत्रित किया गया। विदित रहे कि इस शैक्षणिक एवं शोध मंच पर समकालीन महत्व के विषय पर विशेषज्ञ के द्वारा अपने विचार रखे जाते हैं।

## एसडीएम ने समाधान शिविर में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने सोमवार को एसडीएम कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर के दौरान आमजन की समस्याएं व शिकायतें सुनी।

उन्होंने मौके पर ही कई समस्याओं का निपटारा किया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिए। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि समाधान शिविरों के आयोजन से आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है।

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान हो, इसके लिए उपमंडल स्तर पर सप्ताह में दो बार समाधान शिविरों का आयोजन किया जाता है। आमजन इन समाधान शिविरों में पहुंचकर अपनी शिकायतों का समाधान मौके पर ही करवा सकते हैं। आमजन की समस्याओं के समाधान करने के लिए एक ही स्थान पर सभी अधिकारी मौजूद रहते है। यह समाधान शिविर एसडीएम कार्यालय में हर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे है। आमजन इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

**शिविर** डीसी के मार्गदर्शन में एसडीएम ने लोगों की शिकायतें सुनीं

# शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में निपटान करें अधिकारी : संजय

शिविर में जिले के विभिन्न गांवों से फरियादी पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला प्रशासन द्वारा आमजन की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में एसडीएम संजय कुमार ने लोगों की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तय समय सीमा में शिकायतों के निपटान के निर्देश दिए। शिविर में जिले के विभिन्न गांवों और क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने भूमि विवाद, विकास कार्य, परिवार पहचान में त्रुटि में सुधार और सार्वजनिक सुविधाओं से संबंधित समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। पट्टी अफगान क्षेत्र के कुछ लोगों ने शिकायत दी कि मलका राम की चक्की के पास गली में चल रहे पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य को कुछ शरारती तत्वों द्वारा बाधित किया जा रहा है तथा मजदूरों को धमकाया जा रहा है। मामले पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं गांव पबनावा के ग्रामीणों ने गांव में तेज आवाज में लाउडस्पीकर चलाए जाने से हो रहे ध्वनि प्रदूषण की शिकायत दर्ज करवाई। इस पर एसडीएम ने बीडीपीओ को निर्देश दिए कि मामले में संज्ञान लें और निर्धारित मानकों के अनुसार कम आवाज में लाउडस्पीकर चलाने के लिए जागरूक किया जाए। इसी प्रकार राजौंद क्षेत्र की एक विधवा महिला ने कुछ लोगों द्वारा जमीन पर कब्जा करने और जान का खतरा होने की शिकायत प्रशासन के समक्ष रखी। इस मामले में पुलिस को निर्देश दिए कि वे मामले में आवश्यक कार्रवाई करें। इसके अलावा ग्राम ढूंडरेहड़ी के एक व्यक्ति ने लाल डोरा के अंतर्गत अपनी पुश्तैनी भूमि का मालिकाना हक दिलाने के लिए आवेदन सौंपा। इसी प्रकार रसूलपुर निवासी निवासा राम ने अपने परिवार पहचान पत्र में आय संबंधित त्रुटि ठीक करवाने के लिए आवेदन किया। समाधान शिविर में डीएसपी सुशील प्रकाश, डीआरओ चंद्रमोहन, डीडीपीओ रितु लाठर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



कैथल। एसडीएम संजय कुमार लोगों की शिकायत सुनते हुए । फोटो : हरिभूमि

## नारायण सेवा केंद्र करुणा और मानवता का जीवंत उदाहरण: परवेश बंसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सेवा, समर्पण एवं मानवता के भाव को सशक्त करने के उद्देश्य से लायंस क्लब कैथल सेंट्रल के सदस्यों ने दया गुप्ता मानव मंदिर नारायण सेवा केंद्र कैथल का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र में चल रहे विभिन्न सेवा प्रकल्पों, कृत्रिम अंग निर्माण कार्यशाला एवं प्रशिक्षण गतिविधियों का अवलोकन किया गया। केंद्र पहुंचने पर नारायण सेवा संस्थान शाखा कैथल की ओर से डॉ. विवेक गर्ग, सतपाल मंगला, दुर्गा प्रसाद, डॉ. मनोज बंसल एवं रमेश जिंदल ने लायंस क्लब के सभी सदस्यों का पटका पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। स्वागत समारोह के दौरान सेवा एवं सहयोग की भावना को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया। दौरे के दौरान लायंस क्लब के सदस्यों प्रधान परवेश बंसल, रमेश अग्रवाल, मोहन लाल गुप्ता, बलराम धमीजा, कृष्ण मिगलानी, धूप सिंह धनकड़ और अनिल मुतरेजा ने केंद्र में संचालित विभिन्न निःशुल्क सेवा प्रकल्पों का निरीक्षण किया। उन्होंने विशेष रूप से सिलाई प्रशिक्षण, कंप्यूटर प्रशिक्षण, मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण सहित अन्य कौशल विकास कार्यक्रमों को देखा तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों से बातचीत की।



विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि संस्थान द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण से उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा और अवसर मिल रहे हैं। लायंस क्लब के सदस्यों ने केंद्र में दी जा रही निशुल्क फिजियोथैरेपी सेवाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने देखा कि किस प्रकार विशेषज्ञों द्वारा दिव्यांगजनों एवं जरूरतमंद मरीजों को फिजियोथैरेपी के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य एवं पुनर्वास की दिशा में सहायता प्रदान की जा रही है।

**सूचना**

मैं, फुल कुमार पुत्र श्री नफे सिंह निवासी गांव बीबीपुर तह. व जिला जीन्द बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अमित व पुत्रवधु काजल मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### चार युवकों ने लाठी से एक को किया घायल

**राजौंद।** राजौंद थाना पुलिस को गांव तारागढ़ निवासी राममेहर ने शिकायत दी कि उसके बेटे अमित पर गांव के ही चार युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। उसका बेटा अमित 55 हजार रुपए लेकर घर जा रहा था। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे नवनीत, अनिकेत, सावन और दिवांश ने उस पर लाठी से हमला कर दिया। अमित की कुछ दिन पहले अमित की आरोपियों के साथ कहासुनी हुई थी, जिसकी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया।

### मकान का ताला तोड़कर हजारों का सामान चुराया

**कैथल।** गांव पहाड़पुर में चोरों ने एक घर के ताले तोड़कर नकदी, गेहूं और सोने की अंगूठियां चोरी कर ली। शिकायत पर सीवन थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में गांव पहाड़पुर निवासी मुख्तयार सिंह ने बताया कि वह 11 मई को अपनी बेटी के घर मामूपुर गया था। 12 मई को वापस लौटने पर घर के ताले टूटे मिले व सामान बिखरा पड़ा था। घर से दो सोने की अंगूठियां, दो कट्टे गेहूं और करीब 2 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए।

### मारपीट में एक घायल

**कैथल।** गांव खरोदी में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। गुहला थाना पुलिस को दी शिकायत में गांव खरौदी निवासी बिंदर सिंह ने बताया कि दीपावली के दिन गांव के ही लाडी, जगतार और गगनदीप के साथ उसका झगड़ा हुआ था, जिसके बाद उसने और उसके परिवार ने आरोपियों से माफी भी मांग ली थी। इसके बावजूद आरोपी उससे रंजिश रखते थे। शिकायत अनुसार 16 मई की रात वह भूना रोड पर घूमने गया था। वापस लौटते समय तीनों आरोपियों ने बाइक पर आकर उसका रास्ता रोक लिया।

### बनारसी दास विवि में छात्रों के साथ दुव्यवहार पर रोष जताया

**जींद।** बाबू बनारसी दास विवि लखनऊ में छात्रों के साथ हुई दुव्यवहार की घटना को लेकर किसान छात्र एकता संगठन हरियाणा ने गहरा रोष व्यक्त किया है। संगठन का कहना है कि हॉस्टल वार्डन द्वारा लंबे समय से छात्रों के साथ गलत व्यवहार किए जाने की शिकायतें सामने आती रही हैं। छात्रों के मोबाइल फोन चेक करना, उन पर अनावश्यक दबाव बनाना चिंताजनक है। छात्र नेता गोविंद सैनी ने कहा कि बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय जैसे बड़े शिक्षा संस्थानों में छात्रों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा होना बेहद जरूरी है।

### बडऩपुर में गंदे पानी की निकासी पर धरना जारी

**नरवाना।** कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के दिशा.निर्देश के बाद सोमवार को गांव बडऩपुर में गंदे पानी की निकासी को लेकर धरना, प्रदर्शन लगातार छठे दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता धर्मपाल श्योकंद ने की। उन्होंने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि गंदा पानी गलियों में जमा होने के कारण गांव में बीमारियां फैलनी शुरू हो गई है। अतः सरकार व प्रशासन द्वारा पुलिस की सिक्योरिटी में व मैजिस्ट्रेट नियुक्त बीडीपीओ उचाना द्वारा इसका समाधान करवाना चाहिए।

## वार्षिक पुरस्कार वितरण में 72 विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# शिक्षा व्यक्तित्व निर्माण एवं नैतिक मूल्यों के विकास का माध्यम: डॉ. सैनी

मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण ही सफलता की वास्तविक कुंजी, विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में 59वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह गरिमा एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में शैक्षणिक, खेल, एनसीसी, एनएसएस, सांस्कृतिक एवं विभिन्न सह पाठयक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सत्र 2024-25 के अंतर्गत 42 विद्यार्थियों को रोल ऑफ ऑनर तथा 72 विद्यार्थियों को कॉलेज कलर सम्मान प्रदान किया गया।

समारोह में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डा. रामपाल सैनी मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने मुख्यअतिथि का परिचय देते हुए कहा कि हमें गर्व एवं गौरव का अनुभव हो रहा है कि 70 से अधिक विश्वविद्यालयीय कॉन्फ्रेंसों में भाग लेकर अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले तथा पंडित लख्मीचंद अवॉर्ड से सम्मानित व्यक्तित्व आज हमारे बीच उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यअतिथि युवाओं के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं तथा उनका जीवन विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढऩे की प्रेरणा देता है। मुख्यअतिथि प्रो. डा. रामपाल सैनी ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, अनुशासन एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश देते हुए कहा कि शिक्षा व्यक्तित्व निर्माण एवं नैतिक मूल्यों के विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति से शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन आ रहे हैं। स्वामी विवेकानंद के विचार उठोए जागो और अपने लक्ष्य की ओर ध्यान दो का उल्लेख करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढऩे के लिए प्रेरित किया।



जींद। प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### 500 विद्यार्थियों को किया जा रहा सम्मानित

उन्होंने कहा कि लगभग 500 विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में सम्मानित किया जा रहा है तथा ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। महाविद्यालय प्राचार्य सत्यवान मलिक ने सम्मानित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयासरत है तथा विद्यार्थियों की उपलब्धियां संस्थान की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रही हैं। इस अवसर पर एसएमएसएल राजकीय महाविद्यालय जुलाना के प्राचार्य डा. शमशेर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### दर्शायी प्रतिभा

उप प्राचार्य श्री रणधीर खटकड़ के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया गया कि सत्र 2024-25 के दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय परीक्षा परिणामों में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किए। समारोह के दौरान उप प्राचार्य रणधीर खटकड़ ने अपनी प्रभावशाली रागिनी प्रस्तुति से समां बांध दिया तथा रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और युवा समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकते हैं। खेल क्षेत्र में भी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को विज्ञान प्रदर्शनी, विज्ञान एवं भूगोल प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा रेडक्रॉस गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान के लिए भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर लाभ सिंह, रजिस्ट्रार डा. विशाल रेढू, सतीश मलिक सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षकों एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। राष्ट्रीय गान एवं सामूहिक भोज के उपरांत समारोह का समापन हुआ।

# नई आर्थिक नीतियों के विरोध में हुई थी स्वदेशी जागरण मंच की स्थापना: संदीप

- स्वदेशी विचार वर्ग ने की जिला कार्यकारिणी की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए कार्यकारिणी सदस्य।

स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वदेशी स्वावलंबन मंच के संयुक्त तत्वावधान में गोपाल विद्या मंदिर में स्वदेशी विचार वर्ग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। वर्ग में सबसे पहले स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक संदीप ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि 22 नवंबर 1991 को नई आर्थिक नीतियों के विरोध में स्वदेशी जागरण मंच की स्थापना हुई थी। तब से लेकर आजतक मंच ने अनेक आंदोलन किए और स्वदेशी की अलख जगाते हुए देश में एक सशक्त संगठन के रूप में कार्य कर रहा है। इसके पश्चात सह विभाग संयोजक राजेंद्र गुप्ता ने ऊर्जा संरक्षण विषय पर अपने विचार रखे। विभाग युवा प्रमुख जयेश ने स्वदेशी के प्रथम शहीद बाबू गेनू के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। जिला विचार प्रमुख जसबीर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन व दर्शन की जानकारी दी। प्रांत युवा प्रमुख अजय राणा ने पुनः बनाए भारत महान विषय पर बोलते हुए बताया कि कैसे हम भारत को फिर से विश्व का सिरमौर बना सकते हैं।

# अनुभव केंद्र से नई पीढ़ी जानेगी भारतीय संस्कृति और गीता का संदेश : अपराजिता

- डीसी ने की जिले के शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों से महाभारत अनुभव केंद्र का भ्रमण की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

डीसी अपराजिता ने कहा कि महाभारत अनुभव केंद्र नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, गीता के संदेश और महाभारत के गौरवशाली इतिहास से आधुनिक तकनीक के माध्यम से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने जिले के शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों एवं युवा समूहों से इस केंद्र के भ्रमण का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि ज्योतिसर वह पावन स्थल है जहां भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को श्रीमद्भगवद्गीता का दिव्य उपदेश दिया था। इसी ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार द्वारा यहां अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित महाभारत अनुभव केंद्र स्थापित



डीसी प्रीति

किया गया है। इस केंद्र का उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था। डीसी अपराजिता ने कहा कि केंद्र में एडवांस्ड ऑडियो-विजुअल तकनीक के माध्यम से महाभारत काल की घटनाओं, पात्रों और जीवन मूल्यों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया है। इससे विद्यार्थी न केवल इतिहास को समझ सकेंगे, बल्कि नैतिकता, कर्तव्य और राष्ट्रहित जैसे मूल्यों से भी प्रेरणा प्राप्त करेंगे। उन्होंने सरकारी एवं निजी स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, युवा संगठनों तथा सांस्कृतिक संस्थाओं को विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण आयोजित करने का आह्वान किया। उनका कहना है कि यह केंद्र केवल पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि शोधकर्ताओं, विद्वानों और युवाओं के लिए ज्ञान एवं प्रेरणा का महत्वपूर्ण केंद्र है।

# राजकीय स्कूल चौशाला में 10वीं की परीक्षा में जश्नदीप रही प्रथम

- 472 अंकों के साथ सुमित द्वितीय और 437 अंकों के साथ तमन्ना रही तृतीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चौशाला का सत्र 2025- 26 का कक्षा दसवीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा । कक्षा 10 में 73 बच्चों ने परीक्षा दी जिनमें से 20 बच्चों ने मेरिट प्राप्त की जशनदीप पुत्री दिलबाग सिंह ने 500 में से 478 अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान पर रही व द्वितीय स्थान पर सुमित पुत्र मनीराम 472 अंक व तृतीय स्थान पर तमन्ना पुत्री सतपाल 437 अंक लेकर रहे । कक्षा 12वीं में 72 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया जिनमें से 30 बच्चों ने मेरिट प्राप्त करते हुए अपने विद्यालय और गांव का नाम रोशन किया । प्रधानाचार्य जोगेंद्र सिंह ,एसएमसी प्रधान सदस्य और स्कूल स्टाफ के सभी सदस्यों ने सभी बच्चों को बधाई देकर मनाई ।



कैथल। अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते पदाधिकारी।



पूंडरी। पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर प्रतिक्रिया देते कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सुरेश रोड।

### पेट्रोल-डीजल कीमतों और नीट परीक्षा व्यवस्था ने खोली भाजपा सरकार की पोल : सुरेश रोड़

**पूंडरी।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश रोड ने पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और नीट परीक्षा व्यवस्था को लेकर प्रदेश व केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ रही महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है, जबकि सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल के दाम बढऩे का सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ता है। परिवहन खर्च बढऩे से खाद्य पदार्थों सहित रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं भी महंगी हो जाती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में नाकाम रही है और आमजन परेशान है। नीट परीक्षा को लेकर उन्होंने कहा कि देशभर के लाखों विद्यार्थी और उनके अभिभावक परीक्षा प्रणाली को लेकर चिंता में हैं। बार-बार सामने आ रही अनियमितताओं और तकनीकी खामियों ने विद्यार्थियों के भविष्य पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने मांग की कि परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित बनाया जाए ताकि मेहनत करने वाले विद्यार्थियों के साथ न्याय हो सके।

# 19 साल से ग्रामीण सफाई कर्मियों का हो रहा भयंकर शोषण : गुलाब

- 24-25 मई को सफाई कर्मचारी नरवाना में कैबिनेट मंत्री कार्यालय पर डालेंगे महापड़ाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। धरने पर बैठे ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल चौथे दिन भी जारी रही और लघु सचिवालय पर धरना लगाया। इसकी अध्यक्षता संयुक्त रूप से ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा संबंधित सीटू के जिला प्रधान गुलाब बिरौली, ग्रामीण सफाई कर्मचारी संगठन के उचाना ब्लॉक प्रधान साहब सिंह ने संयुक्त रूप से की व संचालन ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के सचिव पवन कुमार ने किया। राज्य महासचिव विनोद कुमार ने बताया कि 19 साल से ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का भयंकर शोषण हो रहा है। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को न कर्मचारी का दर्जा दिया जा रहा और ना ही पूरा वेतन दिया जा रहा है। पॉलिसी बनाकर पक्का करने, 31 दिसंबर 2025 के उच्च न्यायालय का आदेश लागू करने, 400 की आबादी पर एक कर्मचारी की भर्ती करने, मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 26 हजार और 27 हजार रूपए वेतन लागू करनेकी मांग को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं। आगामी 24-25 मई को प्रदेशभर का सफाई कर्मचारी नरवाना में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के कार्यालय पर आक्रोश महापड़ाव डाला जाएगा।



कैथल। गेहूं के कट्टे चोरी मामले में आरोपी एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ गिरफ्त में।

### 12 कट्टे गेहूं चोरी करने के मामले में 5 आरोपी काबू

**कैथल।** थाना गुहला क्षेत्र के गांव थेह मुकेरियां में मंडी से गेहूं के कट्टे चोरी करने के मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ प्रभारी एसआई मुकेश कुमार की अगुवाई में एएसआई ईश्म सिंह की टीम द्वारा आरोपी गांव सेगा प्लॉट निवासी प्रवीन कुमार, खेड़ी गुलाम हाल चीका निवासी संतोष देवी, सैंसी बस्ती कलायत निवासी ममता व सैंसी बस्ती पाडला निवासी रेखा को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गाँव थेह मुकेरिया निवासी मेवा सिंह की शिकायत अनुसार उसकी गांव थेह मुकेरियां मंडी में स्थित दुकान से 12 कट्टे गेहूं के अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गए। जिस बारे थाना गुहला में मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपी प्रवीन कुमार, संतोष देवी, ममता व रेखा के कब्जे से 5 चोरीशुदा गेहूं के कट्टे व वारदात में प्रयुक्त ऑल्टो गाड़ी बरामद कर लिए गए। आरोपियों से व्यापक पूछताछ दौरान सामने आया कि उन्होनें 7 गेहूं के कट्टे चीका निवासी प्रदीप कुमार आटा चक्की वाले को बेच दिए। एएसआई ईशम सिंह की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चीका निवासी प्रदीप कुमार को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 4 हजार रुपये बरामद कर लिए गए।

# बेटियों के संरक्षण के लिए आगे आई कैथल की सामाजिक संस्थाएं: डा. रेनू

- स्वास्थ्य विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

बेटियों के सुनहरे भविष्य और समाज में लिंगानुपात को संतुलित करने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग कैथल ने एक और सराहनीय कदम उठाया है। सोमवार को सिविल सर्जन कैथल के जिला प्रशिक्षण केंद्र कार्यालय मे विभिन्न गैर सरकारी संस्थाओं (एनजीओएस) के साथ एक बेहद महत्त्वपूर्ण और सकारात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सिविल सर्जन डा. रेनू चावला, जिला नोडल अधिकारी (पीएनडीटी) डा. सचिन मान्डले कैथल, चिकित्सा अधिकारी (पीएनडीटी)डा. अजय कुमार, , जिला रेड क्रॉस सचिव रामजीलाल,ड्रग कन्ट्रोल अधिकारी चेतन वर्मा ने भाग लिया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पीसी-पीएनडीटी एक्ट के प्रति समाज को जागरूक करना रहा। जिला नोर्डल अधिकारी डॉ. सचिन मान्डले ने बताया कि गर्भ में पल रहे शिशु का लिंग बताना, पूछना या उसकी जांच करवाना पूरी तरह से गैरकानूनी है। पहली बार उल्लंघन पर दोषी पाए जाने पर 3 वर्ष तक की सजा और 10 हजार रुपये तक का जुर्माना।

### सामूहिक प्रयासों से सुधरेगा लिंगानुपात

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सिविल सर्जन डॉ. रेणु चावला ने जिले की सामाजिक संस्थाओं के प्रधानों और प्रतिनिधियों को संबोधित किया। उन्होनें बेहद सकारात्मक संदेश देते हुए कहा कि बेटियों की सुरक्षा और सम्मान केवल सरकार या विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें समाजसेवियों,धार्मिक संगठनों और जागरूक नागरिकों की भागीदारी सबसे अहम है। किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बेटियों को हर स्तर पर सम्मानित किया जाना चाहिए, ताकि वे समाज की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणा और प्रोत्साहन का स्रोत बन सकें।



ढांड। सम्मान समारोह में उपस्थित स्टाफ सदस्य तथा विद्यार्थी।

### शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी शक्ति, विद्यार्थी मेहनत व अनुशासन के बल पर प्राप्त कर सकते हैं लक्ष्य: नरेश

**ढांड।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कौल में सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि नरेश कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उनके सहयोगी सतपाल सागवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि नरेश कुमार ने विद्यालय की 10वीं एवं 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है और मेहनत व अनुशासन के बल पर विद्यार्थी किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों को जीवन में निरंतर आगे बढ़ने और मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने मुख्य अतिथि नरेश कुमार एवं उनके साथ पहुंचे सहयोगी सतपाल का विद्यालय परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया।

### राईस मिल एसो प्रधान ने रोड महासभा को दिए 2.51 लाख

**पूंडरी।** रोड महासभा पूंडरी को सामाजिक सहयोग के तहत गांव बरसाना निवासी एवं राईस मिल एसोसिएशन के प्रधान पुष्पेंद्र कुमार ने 2 लाख 51 हजार रुपये की सहयोग राशि भेंट की। इस अवसर पर महासभा के पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों ने उनका स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। पुष्पेंद्र कुमार ने प्रधान चौ. बलकार सिंह पूंडरी को आश्वासन देते हुए कहा कि वह आगामी 2 वर्षों तक प्रत्येक वर्ष 2 लाख 51 हजार रुपये की राशि रोड महासभा को सहयोग स्वरूप देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि समाज सेवा और धार्मिक कार्यों में सहयोग करना उनका सौभाग्य है तथा भविष्य में भी वह अपनी क्षमता अनुसार सहयोग जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि यदि परमात्मा की कृपा रही तो आगे इससे अधिक सहयोग भी दिया जाएगा। प्रधान सेवक बलकार सिंह ने कहा कि ऐसे समाजसेवियों के सहयोग से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## योग प्रशिक्षण में जींद, अलेवा व पिल्लुखेड़ा खंड के योग साधकों ने लिया भाग

# योग व्यायाम नहीं बल्कि स्वस्थ जीवनशैली का आधार: नीरज

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दीवस पर डीएवी में हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए योग प्रशिक्षण कार्यक्रम डीएवी स्कूल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जींद, अलेवा तथा पिल्लूखेड़ा खंड के बड़ी संख्या में योग शिक्षकों, आयुष विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए डीएवी स्कूल के प्रधानाचार्य नीरज ने योग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में योग केवल एक व्यायाम नहीं बल्कि स्वस्थ जीवनशैली का आधार बन चुका है। उन्होंने कहा कि नियमित योग अभ्यास व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से संतुलित तथा आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से अपील करते हुए कहा कि वे योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं तथा समाज में भी इसके प्रति जागरूकता फैलाएं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शारीरिक शिक्षा, पीटीआई एवं डीपीई शिक्षकों को योग का व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करना है ताकि वे विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को योग के प्रति प्रेरित कर सकें और आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संचालित करवा सकें। योग प्रशिक्षण सत्र के दौरान योग सहायक नवनीत ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, सूक्ष्म व्यायाम एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने योग के वैज्ञानिक एवं स्वास्थ्य संबंधी लाभों की भी विस्तार से जानकारी दी। वहीं योग सहायक सज्जन एवं संतोष द्वारा विभिन्न योगासनों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया।



जींद। योग क्रियाएं करते हुए साधक। फोटो :हरिभूमि

### योग से बढ़ती है शरीर की प्रतिरोधक क्षमता

*कार्यक्रम का समापन योग एवं स्वस्थ जीवनशैली के संदेश के साथ हुआ। आयोजकों ने बताया कि आगामी दिनों में भी विभिन्न प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगए ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग तक योग का संदेश पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर डा. पूनम पूनिया (एएमओ) एवं गोविंदा, सहयोगी आयुष नोडल द्वारा बताया गया कि नियमित योग अभ्यास तनाव कम करने, शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा मानसिक एकाग्रता को मजबूत करने में अत्यंत सहायक होता है।*